उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति
High Court Legal Services Committee
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर - 482 007
High Court of M.P., Jabalpur - 482 007

Vijay Chandra
(Higher Judicial Service)
Registrar / Secretary

Phone & Fax : (0761) 2623225 (O)
94251-63489 (M)
94250-06020 (M)
E-mail : mphclsc@gmail.com
vijaychandravcin@gmail.com
Website : www.mphc.in

दिनांक **28.03.2017**

"नेशनल लोक अदालत"

निर्देशानुसार, दिनांक **08 अप्रैल, 2017 (शनिवार)** को **"नेशनल लोक अदालत"** का आयोजन अन्य न्यायालयों के साथ–साथ, म.प्र. उच्च न्यायालय के मुख्यपीठ जबलपुर में किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उद्‌भूत क्षतिपूर्ति हेतु दावा, चैक अनादरण के प्रकरण, भरण–पोषण/वैवाहिक विवाद प्रकरण, भू–अर्जन संबंधी प्रकरण, वेतन–भत्तों से संबंधित सेवा विवाद, राजस्व प्रकरण इत्यादि, जो पूर्व से उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं, को समझौता के माध्यम से निराकरण किये जाने हेतु रखा जावेगा। अतः समस्त पक्षकारों एवं विद्वान अभिभाषकगण को सूचित किया जाता है कि यदि वे अपने उपयुक्त प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से कराना चाहते हैं, तो यथाशीघ्र प्रकरणों की सूची इस कार्यालय में ई–मेल, फैक्स, दूरभाष या स्वयं प्रस्तुत करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि उपयुक्त प्रकरणों पर सहमति बनाने के लिए समझौता पूर्व चर्चा हेतु **"प्री–सिटिंग"** **दिनांक 3, 5 एवं 6 अप्रैल, 2017** को न्यायालयीन कार्यावधि पश्चात **4.40 बजे साउथ ब्लॉक स्थित कॉफ्रेंस हॉल, उच्च न्यायालय, जबलपुर** में बैठकें आयोजित की गई हैं।

28.03.17

(विजय चन्द्र)